भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. *141
जिसका उत्तर 05.12.2024 को दिया जाना है

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे में तकनीकी खामियां

*141. श्री हनुमान बेनीवालः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या भारतमाला परियोजना के तहत राजस्थान से गुजरने वाले दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के तहत बनाई गई सड़क की गुणवत्ता बहुत खराब है जिसके कारण सड़क कई जगहों पर धंस गई है और जीर्ण-शीर्ण स्थिति में है;
(ख) यदि हां, तो इसके लिए जिम्मेदार व्यक्तियों/प्राधिकारियों का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने उक्त मार्ग पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की जांच की है;
(घ) यदि हां, तो सड़क दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार तकनीकी खामियों का ब्यौरा क्या है; और
(ङ) इस संबंध में अब तक क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ङ) एक विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है।

"दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे में तकनीकी खामियां" के संबंध में श्री हनुमान बेनीवाल द्वारा पूछे गए दिनांक 05.12.2024 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *141 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) दिल्ली - वडोदरा - मुंबई एक्सप्रेसवे का निर्माण मानकों और विनिर्देशों के अनुसार किया जा रहा है। एक्सप्रेसवे के दिल्ली - वडोदरा (डीवीई) खंड में, स्टोन मैस्टिक ऐस्फॉल्ट (एसएमए) के घिसने वाली परत के साथ सर्वकालिक फुटपाथ के संदर्भ में एक नई तकनीक शुरू की गई है जिसमें निर्माण के दौरान कुछ हिस्सों में कुछ कमियां हुई हैं। इसके अलावा, मानसून में भारी बारिश के कारण एक्सप्रेसवे के सोहना - दौसा खंड के कुछ स्थानों पर नुकसान हुआ है, जिसे यातायात के लिए खोल दिया गया है। सोहना - दौसा - लालसोट खंड के लिए स्थायी उपचारात्मक उपायों के लिए, आईआईटी, खड़गपुर के द्वारा से फुटपाथ की जांच की गई है । जांच के प्रारंभिक निष्कर्षों के अनुसार एसएमए परत की गुणवत्ता में कुछ कमियां देखी गई हैं इस बीच, संबंधित ठेकेदार द्वारा अपने स्वयं के खर्च पर, अनुबंध समझौते में निर्धारित रखरखाव और 10 वर्ष की दोष दायित्व अवधि के अनुसार सुधार कार्य किया जा रहा है, तथा इस खंड को यातायात योग्य स्थिति में बनाए रखा जा रहा है।

(ख) अंतिम जांच रिपोर्ट के आधार पर, अनुबंध समझौते के प्रावधानों के अनुसार ठेकेदारों और पर्यवेक्षण सलाहकारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, क्षेत्र में निगरानी के लिए जिम्मेदार एनएचएआई अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। जांच के परिणाम के आधार पर अंतिम कार्रवाई की जानी है।

(ग) एक्सप्रेसवे खंड पर होने वाली दुर्घटनाएं मुख्य रूप से वाहनों की तेज गति, थकान और सड़क किनारे भारी वाहनों की अनधिकृत पार्किंग के कारण होती हैं।

(घ) और (ड.) वाहनों की ओवर-स्पीडिंग को रोकने के लिए, एक्सप्रेसवे पर लगाए गए वीएसडीएस (वाहन गति जांच प्रणाली) के माध्यम से राज्य पुलिस के साथ घनिष्ठ समन्वय में ऑनलाइन चालान जारी किए जाते हैं। इसके अलावा राज्य प्रशासन की मदद से अनधिकृत पार्किंग को भी हटाया जा रहा है। एनएचएआई ने निम्नलिखित अतिरिक्त उपाय किए हैं:

(i) चालक की थकान को कम करने के लिए एक्सप्रेसवे पर नियमित अंतराल पर विश्राम क्षेत्र/मार्गस्थ सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

(ii) सड़क प्रयोक्ताओं को जानकारी प्रदान करने के लिए एक्सप्रेसवे के किनारे पर्याप्त संकेत लगाए गए हैं।

(iii) एक्सप्रेसवे की निगरानी के लिए प्रत्येक किलोमीटर पर यातायात निगरानी कैमरा (टीएमसीएस) भी लगाए गए हैं।

(iv) सड़क प्रयोक्ताओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित संदेश और अन्य जानकारी प्रदान करने के लिए परिवर्तनशील संदेश चिह्न उपलब्ध कराए गए हैं।

(v) सड़क किनारे पार्किंग सहित किसी भी संभावित खतरे को दूर करने के लिए एक्सप्रेसवे की नियमित गश्त की जा रही है।

(vi) दुर्घटना पीड़ितों को तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए प्रत्येक टोल प्लाजा पर एम्बुलेंस उपलब्ध कराई गई हैं।

*****